हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- नवमी पर कंजक पूजन सुबह 9 बजे से
- शीतला माता मंदिर में मेला सुबह 8 बजे से
- सुबह 10 से 1 बजे तक मरम्मत कार्य के चलते सेक्टर-3 की बिजली बाधित रहेगी।








# शहर की विरासत बनी डीसी की कोठी


**पुरातत्व विभाग करेगा संरक्षण, नहीं हो सकेंगे मनमाने बदलाव**

**1873 में हुआ था निर्माण, 1965-66 तक इमारत में कोई बदलाव नहीं हुआ**

**कपड़े के पंखे से घोड़ा-बग्गी तक का देखा सफर, नई कोठी पर उठे सवाल**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

वर्ष 1873 से रोहतक की प्रशासनिक धड़कन रही 3.7 एकड़ में बनी डीसी की कोठी अब आधिकारिक तौर पर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई है। शहर के बीचों-बीच स्थित इस ऐतिहासिक भवन को पुरातत्व विभाग ने धरोहर घोषित कर दिया है। सरकार द्वारा सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके बाद अब इस कोठी की पहचान सिर्फ सरकारी आवास की नहीं, बल्कि एक संरक्षित विरासत की हो गई है। इस फैसले के साथ ही कोठी के उपयोग और स्वरूप पर भी असर पड़ेगा। अब यहां बिना अनुमति किसी प्रकार का निर्माण या बदलाव संभव नहीं होगा। ऐसे में लंबे समय से इस परिसर के एक हिस्से को पार्किंग के लिए मांग रही जिला बार एसोसिएशन की उम्मीदों पर भी विराम लग गया है। वहीं, एक नया सवाल भी खड़ा हो गया है कि धरोहर घोषित होने के बाद क्या राज्य सरकार उपायुक्त के लिए नई कोठी का निर्माण करेगी।



## आजाद होते भारत को महसूस किया

यह कोठी केवल एक भवन नहीं, बल्कि यादों का खजाना भी है। वर्षों तक यहां जिले के उपायुक्तों ने प्रशासनिक फैसले लिए, जनसुनवाई की और इसी परिसर से शासन की दिशा तय हुई। बुजुर्गों के लिए यह स्थान उन दिनों की याद दिलाता है, जब यहां की गलियारों में फाइलों की आवाज और फैसलों की गूंज सुनाई देती थी। अब वही कोठी एक नए रूप में सामने आएगी, जहां इतिहास की खामोशियां अपने किस्से सुनाएंगी। इतिहास के पन्नों में झांकें तो पता चलता है कि वर्ष 1859 से 1910 के बीच अंग्रेजी शासन ने रोहतक में 83 उपायुक्त नियुक्त किए। इनमें एचसी फैनशॉ, ईबी फ्रांसिस, ओ वूल और ए डब्ल्यू स्टोगन जैसे अधिकारियों ने यहां प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाली और जमीन बंदोबस्त जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए। इतिहासकारों का मानना है कि उस समय भी अधिकारियों के तबादले उसी तरह होते थे, जैसे आज होते हैं।


## कला का जीवंत उदाहरण

ब्रिटिश काल में निर्मित यह कोठी केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि उस दौर की प्रशासनिक व्यवस्था और स्थापत्य कला का जीवंत उदाहरण है। ऊंची छतें, चौड़े बरामदे, मोटी दीवारें और विशाल परिसर उस समय की निर्माण शैली को दर्शाते हैं, जब भवनों में मजबूती के साथ-साथ प्रभाव और गरिमा भी झलकती थी। यही कारण है कि दशकों बाद भी इसकी मूल संरचना काफी हद तक सुरक्षित बनी हुई है, हालांकि समय के साथ कुछ हिस्सों में क्षरण भी दिखाई देता है। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस कोठी के ऐतिहासिक और स्थापत्य महत्व को देखते हुए इसे संरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने प्रारंभिक सर्वेक्षण में पाया कि भवन की संरचना मजबूत है, जिसे संरक्षित और पुनर्स्थापित कर इसके मूल स्वरूप को बनाए रखा जा सकता है। इसके लिए एक विस्तृत संरक्षण योजना तैयार की जा रही है, जिसमें मरम्मत, रखरखाव और भविष्य में इसे हेरिटेज साइट के रूप में विकसित करने की संभावनाएं भी शामिल हैं।

## अपनी सुविधा के लिए कर डाला फेरबदल

सेक्टर-2 निवासी इतिहासकार रणवीर फोगाट बताते हैं कि 1965-66 तक इस कोठी में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया था और यह लगभग अपने मूल स्वरूप में ही बनी रही। उस दौर में यहां आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं, बल्कि जीवनशैली भी अलग थी। कोठी के बड़े हॉल में कपड़े से बना पंखा लगाया जाता था, जिसे रस्सियों से खींचकर चलाया जाता था। इसके लिए अलग से कर्मचारी तैनात रहते थे। कोठी परिसर में घोड़ा-बग्गी खड़ी करने की व्यवस्था थी और अंग्रेज अफसरों की जरूरतों को देखते हुए पशु रखने की भी सुविधा दी गई थी, ताकि उन्हें ताजा दूध मिल सके। समय के साथ अलग-अलग उपायुक्तों ने अपनी जरूरत के अनुसार इसमें बदलाव किए, जिससे इसका स्वरूप धीरे-धीरे बदलता गया।







## कोठी को धरोहर घोषित करना सराहनीय : रणवीर फोगाट

रणवीर फोगाट कहते हैं कि सरकार द्वारा इस कोठी को धरोहर घोषित करना एक सराहनीय कदम है, जिससे अब इसके मूल स्वरूप को बचाया जा सकेगा और भविष्य में कोई भी अधिकारी इसमें मनमाने बदलाव नहीं कर पाएगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच पुरानी इमारतें अक्सर कंक्रीट के जंगल में खो जाती हैं, लेकिन रोहतक की यह कोठी अब अपनी ऐतिहासिक पहचान को संजोए रखेगी। हालांकि, विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि धरोहर घोषित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके संरक्षण और नियमित रखरखाव पर निरंतर ध्यान देना होगा। डीसी की यह कोठी अब केवल प्रशासनिक इमारत नहीं, बल्कि रोहतक की पहचान और विरासत का प्रतीक बन चुकी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि इसे किस तरह संरक्षित और विकसित किया जाता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस इतिहास को करीब से महसूस कर सकें।

# पार्षद बिजेंद्र का हार्ट अटैक से निधन निगम की प्री बजट मीटिंग स्थगित



**भिवानी रोड के एक होटल में मेयर की अध्यक्षता में होनी थी मीटिंग**

रोहतक। नगर निगम वार्ड नौ के पार्षद बिजेंद्र हुड्डा का जसबीर कॉलोनी स्थित निवास में बृहस्पतिवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे शहर के अलग-अलग वार्ड से दो बार पार्षद रहे। वह आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी पत्नी मंजू हुड्डा सीनियर डिप्टी मेयर रह चुकी हैं। बिजेंद्र हुड्डा के निधन से परिवार सहित निगम पार्षदों में शोक की लहर है। वह 55 वर्ष के थे और अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ जसबीर कॉलोनी में रह रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में किया गया। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनको श्रद्धांजलि दी। मेयर रामअवतार वाल्मीकि, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा, पार्षद कंचन खुराना, पूर्व पार्षद अशोक खुराना, पार्षद नीरा भटनागर, पूर्व पार्षद नोरातामल भटनागर, पार्षद सुशील नांदल, पार्षद कपिल नागपाल, अंजू सैनी सहित अन्य पार्षदों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

## अब 28 को मीटिंग की सम्भावना

मेयर रामअवतार वाल्मीकि द्वारा 26 मार्च का दिन प्री बजट मीटिंग के लिए चुना गया था। पार्षद बिजेंद्र हुड्डा का स्वर्गवास होने की वजह से मीटिंग स्थगित कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि यह मीटिंग अब 28 मार्च को हो सकती है। इसके बाद 30 मार्च को नगर निगम बजट पास करने के लिए मीटिंग बुलाएगा।

# खरीद की तैयारी पूरी, सरसों बेचने को किसानों के अंगूठे आज से लगने शुरू होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की अनाज मंडियों में शुक्रवार से सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई। रोहतक के साथ-साथ महम, कलानौर और सांपला मंडियों में भी खरीद कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस बार प्रशासन ने व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए डिजिटल सिस्टम लागू किया है, जिसमें किसानों को फसल बिक्री के लिए गेट पास बायोमेट्रिक सत्यापन यानी अंगूठा लगाने के बाद ही जारी किया जाएगा। मालूम रहे कि प्रदेश में सरसों का सरकारी रेट 6,200 प्रति क्विंटल तय किया हुआ है। पिछले साल की तुलना में इसमें 250 प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है मंडी पहुंचने पर किसानों की पहचान बायोमेट्रिक मशीन के जरिए सत्यापित की जाएगी। जैसे ही किसान अंगूठा लगाएगा, उसके नाम से तुरंत गेट पास जारी हो जाएगा। इससे न केवल फसल की एंट्री सुचारू होगी, बल्कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

## नई व्यवस्था से खरीद में पारदर्शिता आएगी

मंडी अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से फर्जी खरीद, बिचौलियों की भूमिका और कागजी औपचारिकताओं पर काफी हद तक अंकुश लगेगा। किसानों को अब लंबी कतारों में खड़े रहने और बार-बार दस्तावेज दिखाने की परेशानी से भी राहत मिलेगी। खरीद केंद्रों पर कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती की गई है ताकि प्रक्रिया बिना किसी बाधा के चल सके। सरकार द्वारा सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिल सके। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें और साफ-सुथरी फसल ही मंडी में लेकर आएं। तकनीक के सहारे शुरू हुई यह नई व्यवस्था कितनी कारगर साबित होती है, इस पर अब किसानों और प्रशासन दोनों की नजरें टिकी हैं।




**वारदात** शहर में सक्रिय 'लेडी स्नैचर्स' गैंग, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में बढ़ा खतरा

# भीड़ में खेला खेल : लेडी गैंग ने चंद सेकेंड में उड़ाए चेन व मोबाइल

**आसपास लोगों को नहीं लगती भनक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में इन दिनों एक महिला चेन स्नैचिंग गिरोह के सक्रिय होने से लोगों में दहशत का माहौल है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में शातिर अंदाज में वारदात को अंजाम देने वाला यह गैंग अब कैमरों में कैद हो चुका है। बता दें कि बृहस्पतिवार एक ताजा मामला दोपहर करीब 1:30 बजे का है, जहां रेलवे रोड पर एक महिला को बेहद सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया गया। बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला रेलवे रोड पर आराम से पानी-पूरी खा रही थी और उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि कुछ ही सेकेंड में वह चोरी का शिकार बन जाएगी। इसी दौरान दो महिलाएं उसके आसपास मंडराने लगीं और मौके का फायदा उठाते हुए बड़ी सफाई से उसके पर्स से चांदी की चैन और मोबाइल फोन निकाल लिया। हैरानी की बात यह रही कि पूरी वारदात इतनी शातिर तरीके से अंजाम दी गई कि आसपास मौजूद लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।







रोहतक। सीसीटीवी फुटेज। फोटो : हरिभूमि

## दो अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज सामने आए

इस घटना के दो अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जो गैंग की चालाकी और प्लानिंग को साफ दर्शाते हैं। पहले फुटेज में महिलाएं भीड़ का फायदा उठाकर पर्स से सामान निकालती नजर आती हैं, जबकि दूसरे फुटेज में उनका भागने का पूरा रूट कैद हुआ है।

## मामले की जांच शुरू

पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवा दी है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मौके से फरार

वारदात के तुरंत बाद दोनों महिलाएं तेजी से आगे बढ़ गईं, जहां कुछ दूरी पर एक तीसरी महिला भी उनसे आ मिली। इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पहलू तब सामने आया, जब इलाके के दूसरे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इन फुटेज में तीनों महिलाएं एक गली की ओर भागते हुए दिखाई देती हैं और फिर एक ऑटो में बैठकर मौके से फरार हो जाती हैं।

सेक्टर 1 और 2 में स्ट्रोम वाटर लाइन ध्वस्त

# 37 साल पहले बिछाई गई लाइनें जर्जर, उन पर सड़कें बना रहा निगम

## बड़ा सवाल : ऐसे में तो पाइप लाइन को ठीक करने के लिए तोड़नी पड़ेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सेक्टर-1 और सेक्टर-2 में स्ट्रोम वाटर लाइन पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिससे हर बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। यह लाइन करीब 37 वर्ष पहले बिछाई गई थी और अब अपनी उपयोगिता लगभग खो चुकी है। बारिश के दिनों में खाली प्लॉटों में पानी भर जाता है, जो कई दिनों तक जमा रहता है और आसपास रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता है। पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत ने बताया कि स्थिति को देखते हुए नगर निगम द्वारा नई स्ट्रोम वाटर लाइन बिछाने के लिए करीब 70 करोड़ रुपये का बजट भी जारी किया जा चुका है। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि निगम ने लाइन बिछाने से पहले सेक्टरों में सड़कों के निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं। इस फैसले पर स्थानीय निवासियों ने सवाल उठाए हैं और इसे अव्यवस्थित योजना करार दिया है। लोगों का कहना है कि यदि पहले सड़कें बना दी जाएंगी और बाद में स्ट्रोम वाटर लाइन बिछाई जाएगी, तो नई बनी सड़कों को दोबारा उखाड़ना पड़ेगा। इससे न केवल सरकारी धन की बर्बादी होगी, बल्कि आम जनता को भी दोहरी परेशानी झेलनी पड़ेगी। विशेषज्ञों का भी मानना है कि किसी भी क्षेत्र में सड़क निर्माण से पहले भूमिगत सुविधाओं जैसे सीवर और स्ट्रोम वाटर लाइन का कार्य पूरा होना चाहिए।





रोहतक। देवी लाल पार्क के पास गली में जमा बारिश का पानी तथा इस तरह से सीवर के ढक्कन खुले हुए हैं सेक्टरो में। फोटो : हरिभूमि

### सीवर लाइन के लिए भी लोग परेशान

इस मामले को और जटिल बना रहा है विभागों के बीच जिम्मेदारी का टकराव। सेक्टरों में सीवर लाइन की जिम्मेदारी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पास है, जबकि स्ट्रोम वाटर लाइन नगर निगम के अधीन आती है। ऐसे में जब लोग अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के पास जाते हैं, तो उन्हें एक-दूसरे विभाग के पास भेज दिया जाता है। निगम अधिकारी इसे एचएसवीपी का मामला बताते हैं, वहीं एचएसवीपी निगम की जिम्मेदारी कहकर पल्ला झाड़ लेता है।

### शिकायत के बावजूद स्थाई समाधान नहीं

इस खींचतान के चलते सेक्टरवासी खुद को असमंजस की स्थिति में पाते हैं। वे कई बार शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए और कार्यों की सही क्रमबद्ध योजना बनाई जाए। पहले स्ट्रोम वाटर लाइन बिछाने और उसके बाद सड़क निर्माण करने की मांग जोर पकड़ रही है।

### सदन की बैठक में भी उठ चुकी मांग

पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत सीवर लाइन और स्ट्रोम वाटर लाइन किसी एक विभाग को दिए जाने पर सदन की बैठक में पूरा जोर लगा चुके है। लेकिन नतीजा जीरो ही निकला है। उसका स्थाई समाधान ही नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री को भी लिखित में शिकायत भेजी फिर भी कहीं सुनवाई नहीं हो पाई।

### बजट हुआ जारी

स्ट्रोम वाटर लाइन का बजट जारी हुआ है, जल्द ही कार्य शुरू करवाया जाएगा, इसमें अभी प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही पूरी होने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू ही जाएगी। क्योंकि स्ट्रोम लाइन साइडों से बिछाई गई है। सड़क तोड़ने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

-सुशील नांदल, पार्षद, वार्ड-12



रोहतक। लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

# मत्स्य पालन से बढ़ेगी किसानों की आय: डीसी



■ तालाब नीलामी प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को मत्स्य पालन से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। डीसी ने जिला मत्स्य अधिकारी को निर्देश दिए कि मायना और बालंद गांव के पंचायती तालाबों की नीलामी प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाया जाए तथा इसमें सरपंचों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि जिले के 120 गांवों के 395 किसान पहले ही मत्स्य पालन अपनाकर अपनी आय बढ़ा रहे हैं और हर वर्ष लगभग 5500 टन मछली का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक हेक्टेयर में मत्स्य पालन से किसान 10 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर सकते हैं। साथ ही, अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को 8.40 लाख रुपये और अन्य वर्गों को 5.60 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।

बैठक में बैठक में उप कृषि निदेशक सुरेंद्र सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी आशा हुड्डा, मंडल मृदा संरक्षण अधिकारी नीना सहवाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के एसडीओ डॉ. नरेंद्र दहिया, डीएसओ संदीप सिंह, महम के मत्स्य अधिकारी राकेश कुमार, दलबीर सिंह, मोहित कुमार व कमल सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोरखेड़ी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर रोहणा के सोमवीर की मौत

## 24 मार्च को हुआ था हादसा, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांव मोरखेड़ी के पास सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की जान चली गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि गांव रोहणा निवासी सोमबीर सिंह 24 मार्च की शाम मोरखेड़ी की ओर जा रहा था। रास्ते में उसे एक व्यक्ति गंभीर हालत में सड़क पर पड़ा मिला। घायल व्यक्ति की स्थिति नाजुक थी और वह बोलने में असमर्थ था। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से घायल को तुरंत उपचार के लिए पीजीआईएमएस रोहतक भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना सांपला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत थाना सांपला में संपर्क करें, ताकि उसकी पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा सके।

# चौपाल पर चुनावी चर्चा : नगरपालिका में समीकरणों का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

■ संभावित उम्मीद्वार घर-घर जाकर परख रहे चुनावी माहौल

नगरपालिका चुनाव को लेकर कस्बे की चौपालों पर इन दिनों खूब चर्चा गर्म है। हर गली, हर वार्ड और हर नुक्कड़ पर चुनावी जोड़-तोड़, जातीय समीकरण और संभावित प्रत्याशियों को लेकर गहन मंथन चल रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो इस बार चुनाव सिर्फ वोटों का नहीं, बल्कि रणनीति और समझदारी का भी है। चौपाल पर बैठे युवा और बुजुर्ग आपस में चुनावी गणित पर चर्चा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उम्मीदवार घर-घर जाकर हाथ जोड़कर गुहार लगा रहे हैं—"ध्यान रखना।" इसके जवाब में मतदाता भी संक्षेप में "ज़ी जरूर" कहकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह छोटा सा संवाद अब चुनावी माहौल की पहचान बन चुका है। जैसे ही कोई संभावित प्रत्याशी लोगों के बीच पहुंचता है, वह खुद को साधने और माहौल को परखने में जुट जाता है। कई बार तो बातचीत के दौरान ही प्रत्याशी चुपचाप आगे खिसक लेता है, जबकि उसके साथ चलने वाले 'चाणक्य' यह आंकलन करते रहते हैं कि सामने बैठा व्यक्ति उनका पक्का वोटर है या नहीं।




### जातीय जोड़-तोड़ बैठाना अहम मुद्दा

चर्चा में सबसे अहम मुद्दा जातीय समीकरणों का है। किस वार्ड से कौन प्रत्याशी खड़ा होगा, किसकी दावेदारी मजबूत है और कौन किसका वोट काट सकता है—इन सवालों पर गहन विश्लेषण किया जा रहा है। यह भी देखा जा रहा है कि किसके पर्चा भरने से नुकसान हो सकता है और किसके मैदान से हटने पर फायदा मिल सकता है। स्थानीय स्तर पर पार्षद प्रत्याशियों को अपनी ओर करने की कवायद भी तेज हो गई है। बड़े चेहरे छोटे-छोटे वार्डों में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए संभावित उम्मीदवारों को साधने में जुटे हैं। कई जगहों पर अंदरखाने समझौते और समर्थन की रणनीति तैयार की जा रही है, ताकि चुनावी मैदान में उतरने से पहले ही समीकरण अपने पक्ष में कर लिए जाएं। चौपाल की चर्चाओं में एक और बात प्रमुखता से सामने आ रही है—चुनाव की तारीख आगे बढ़ने की संभावना। हालांकि इसको लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर ऐसी चर्चाएं जोरों पर हैं। कुल मिलाकर सांपला नगरपालिका चुनाव इस बार काफी दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है, जहां हर कदम सोच-समझकर रखा जा रहा है। चौपाल की ये चर्चाएं इस बात का संकेत दे रही हैं कि आने वाले दिनों में चुनावी हलचल और भी तेज होने वाली है।

# कटरा एक्सप्रेस-वे पर ट्रक और कार की टक्कर में चार घायल

■ ट्रक तमिलनाडु जा रहा था, आई-10 कार में सवार लोगों को नरवाना जाना था

**बहादुरगढ़।** जम्मू-कटरा एक्सप्रेस-वे पर आसौदा थाना क्षेत्र में ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। देर शाम तक घायलों के बयान दर्ज नहीं हो सके थे। बयान के बाद आसौदा थाना पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। हादसा वीरवार की सुबह करीब 9 बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक, एक ट्रक तमिलनाडु जा रहा था, जबकि आई-10 कार में सवार लोगों को नरवाना जाना था। जैसे ही निलोठी के निकट पहुंचे तो कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई और उसमें सवार यूपी के निवासी फरहान, शहजाद, अब्दुल व एक अन्य युवक घायल हो गया। राहगीरों ने इनको संभाला और नागरिक अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एक टीम पीजीआई में घायलों के बयान लेने पहुंची। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, ये जांच का विषय है।

# महम में जालसाजी कर बेचा मकान पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम नगर पालिका क्षेत्र में जालसाजी कर एक मकान को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने सेना के एक अधिकारी की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जिला सोनीपत के भैंसवाल कलां गांव निवासी लव मलिक पुत्र कुलदीप सिंह ने बताया कि अब उसका परिवार गोहाना की गुढा रोड पर स्थित चोपड़ा कॉलोनी में रहता है। वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट है। जुलाई 2023 से वर्ष 2024 तक वह बिहार के गया में ट्रेनिंग पर गया हुआ था। जुलाई 2024 से वह मध्य प्रदेश के मऊ में मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली कम्यूनिकेशन इंजिनियरिंग में ट्रेनिंग पर है। उसका छोटा भाई लवली मलिक पिछले चार साल से हॉस्टल में रहकर पढाई कर रहा है। उसकी माता सीमा का देहांत हो चुका है। उसकी मां सीमा रानी की शादी 6 जुलाई 2003 में उसके नाना ओमप्रकाश पुत्र भीम सिंह निवासी गांव बहलबा के महम स्थित वार्ड 4 के मकान नंबर 1144 में हुई थी। उसकी मां की 8 अगस्त 2008 को रोहतक पीजीआई में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

### धोखाधड़ी कर बेचा पैतृक मकान

शिकायतकर्ता लव मलिक ने बताया कि 24 मार्च 2009 को उसके नाना ओमप्रकाश का भी देहांत हो गया। उसके नाना ओमप्रकाश के नाम से बहलबा और महम में पर्याप्त अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति में विधि सम्मत 5 वारिश हैं। जिनमें ओमप्रकाश की पत्नी राजरानी, पुत्री स्वर्गीय सीमा के पुत्र लव मलिक ओर लवली मलिक, पुत्री नीलम, पुत्री रेखा और पुत्र रवि शामिल हैं। परंतु उसकी नानी राजरानी, उनकी बेटियां नीलम, रेखा व बेटे रवि ने तहसील कार्यालय व नगर पालिका कार्यालय के कुछ कर्मचारियों और नरेंद्र पुत्र किशोरी लाल वार्ड नंबर 6 के साथ मिलकर षडयंत्र करके, जालसाजी और धोखाधड़ी से उसके नाना का पैतृक मकान 207 वर्ग गज का किसी तीसरे पक्ष को बेच दिया। जिसकी जानकारी उनको अब मिली है। उसकी मां सीमा रानी व उनके वैध वारिस वे दोनों भाई लव मलिक और लवली मलिक का नाम षडयंत्र करके सरकारी अभिलेखों से अवैध रूप से हटा दिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध में राजरानी, नीलम, रेखा, रवि और नरेंद्र कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 11 लाख से कम स्टॉम्प ड्यूटी जमा करवाने पर एसडीएम सख्त

■ निर्धारित अवधि के भीतर राशि जमा नहीं कराई गई तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

**बहादुरगढ़।** एसडीएम एवं कलेक्टर अभिनव सिवाच ने कई रजिस्ट्री मामलों में कलेक्टर रेट से कम स्टॉम्प ड्यूटी जमा कराने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया है। जांच के दौरान सामने आया कि कई सेल डीड रजिस्ट्रेशन में निर्धारित कलेक्टर दरों के अनुरूप स्टॉम्प शुल्क का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया, जिससे सरकार राजस्व को नुकसान पहुंचा। मामलों की विस्तृत समीक्षा के उपरांत एसडीएम ने 11 लाख, 2 हजार 67 रुपये की बकाया स्टॉम्प ड्यूटी निर्धारित समयावधि में जमा कराने के आदेश जारी किए हैं। निर्धारित अवधि के भीतर राशि जमा नहीं कराई गई तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि स्टॉम्प ड्यूटी संबंधी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी रजिस्ट्री मामलों में कलेक्टर रेट के अनुसार ही शुल्क की वसूली सुनिश्चित की जाएगी।



रोहतक। प्रशिक्षण और अभिभावक-शिक्षक बैठक में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी गीता देवी व अन्य टीचर। फोटो : हरिभूमि

# एसएमसी ट्रेनिंग में शिक्षकों को किया शैक्षणिक गतिविधियों पर जागरूक

■ बैठक में पारदर्शी व योजनाबद्ध खर्च पर दिया जोर

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलोई में खंड शिक्षा अधिकारी गीता देवी, अंजना नंदा, कृष्णा रंजन व एबीआरसी तरुणा की उपस्थिति में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) प्रशिक्षण और अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और बुनियादी ढांचे के सुधार हेतु बजट के प्रभावी उपयोग पर चर्चा हुई। खंड शिक्षा अधिकारी गीता देवी ने पारदर्शी व योजनाबद्ध खर्च पर जोर दिया। इस दौरान सुषमा, निर्मल, सुनील, पूनम व शशिकांता सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# मांडोठी में मकान में घुसकर मारपीट, वाहन क्षतिग्रस्त किए

■ दोनो पक्षों ने पुलिस थाने पर दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में दो युवकों के बीच हुए झगड़े ने गंभीर रूप ले लिया। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर घर में घुसकर डंडों, पिस्तौल के बल पर मारपीट करने, वाहन व घरेलू सामन को तोड़ने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों के खिलाफ नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मांडोठी के निवासी राजेश का कहना है कि 22 मार्च को पड़ोसी सोमबीर के लड़के रवि के साथ मेरे भतीजे हिमांशु की कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सोमबीर हमारे घर आया तो हमने अपने भतीजे की गलती मान ली। उसी रात करीब आठ बजे रवि ने हिमांशु को फोन कर घर से बाहर बुला लिया। जैसे ही बाहर गया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। हिमांशु घर के अंदर आया तो आरोपी परिवार के सदस्य सहित अन्य दर्जनभर लोग भी डंडे लेकर अंदर घुस आए। उन्होंने मेरी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट की। पुलिस को सूचना दी तो वे जान से मारने की धमकी देकर बाहर निकले। एक युवक के हाथ में पिस्टल थी। हमारे गेट व घर पर मत्थर मारकर शीशे तोड़ दिए गए। उधर, दूसरे पक्ष के सोमबीर का कहना है कि 22 मार्च को राजेश के परिवार के सदस्यों के साथ हमारा झगड़ा हुआ। झगड़े के बाद हम अपने घर में आकर सो गए। रात करीब साढ़े दस बजे संजय का लड़का हिमांशु, परिवार के सदस्य सहित कई अज्ञात गाड़ी लेकर आए। उनके हाथों में डंडे व बिट्टे थे।

मार्गदर्शन | असुविधा से बचाव के लिए आमजन को दी जाए वैकल्पिक मार्गों की जानकारी

यातायात पुलिस व पीसीआर जवानों को दिया गया प्रशिक्षण

# वीवीआईपी सुरक्षा प्रशिक्षण का दूसरा दिन ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला पुलिस द्वारा वीवीआईपी सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को दूसरा दिन रहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में यातायात पुलिस कर्मचारियों और पीसीआर पर तैनात जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के दिशा-निर्देशों और रोहतक के पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और यातायात को सुचारू बनाए रखना है। प्रशिक्षण के दौरान डीएसपी दलीप ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि वीवीआईपी सुरक्षा में यातायात पुलिस की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक की पूर्व योजना बनाई जाए और आमजन को पहले से वैकल्पिक मार्गों की जानकारी दी जाए, ताकि किसी को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक डायवर्जन के दौरान वैकल्पिक मार्गों पर भी पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, सड़कों पर अनावश्यक भीड़ न जुटने दी जाए और हर संवेदनशील बिंदु पर जवानों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।



रोहतक। यातायात पुलिस कर्मचारियों और पीसीआर पर तैनात जवानों को सम्बोधित करते डीएसपी दलीप । फोटो : हरिभूमि

### संदिग्ध वाहनों की हो जांच

डीएसपी ने यह भी निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाया जाए और संदिग्ध वाहनों की जांच की जाए। वीवीआईपी काफिले में किसी भी अनधिकृत वाहन को शामिल होने से सख्ती से रोका जाए। ड्यूटी से पहले पूरे रूट का बारीकी से निरीक्षण करना अनिवार्य बताया गया। उन्होंने पायलट और एस्कॉर्ट टीम की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि पायलट टीम वीआईपी वाहन के आगे रहकर संभावित खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित करती है, जबकि एस्कॉर्ट टीम पीछे से सुरक्षा प्रदान करती है और किसी भी अनधिकृत वाहन को काफिले में घुसने नहीं देती। प्रभारी यातायात निरीक्षक जसबीर सिंह और उप निरीक्षक परवीन कुमार ने भी जवानों को ट्रैफिक प्रबंधन के व्यवहारिक पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि कर्मचारी अपने निर्धारित प्वाइंट पर सतर्क रहकर ड्यूटी करें और आमजन के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वाहनों को चौराहे से पहले ही नियंत्रित किया जाए, बैरिकेड और ट्रैफिक कोन का सही उपयोग किया जाए और लोगों को निर्धारित पार्किंग में ही वाहन खड़ा करने के लिए प्रेरित किया जाए।

### वायरलेस सेट होना जरूरी

प्रशिक्षण के दौरान जवानों को यह भी बताया गया कि सभी के पास वायरलेस या कम्युनिकेशन सेट होना जरूरी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना साझा की जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस जवानों को आधुनिक और प्रभावी तरीके से वीवीआईपी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में ऐसे आयोजनों के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

स्वामी कपिलपुरी महाराज के धाम व माता दरवाजा स्थित मंदिर में महागौरी पूजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## भक्तों ने दुर्गा स्तुति का पाठ और भजन-कीर्तन से मां की आराधना कर मांगी सुख-समृद्धि

# अष्टमी पर सैकड़ों कन्याओं का पूजन, हवन-यज्ञ और अनुष्ठानों से वातावरण में गूंजे वैदिक मंत्र





रोहतक। अष्टमी पर कन्या पूजन के दौरान हाथ पर नाला बांधते उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज और माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। जूना अखाड़ा के उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज के पावन धाम तथा माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। स्वामी कपिलपुरी महाराज के सानिध्य में अष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन और हवन यज्ञ का भव्य आयोजन हुआ। सैकड़ों कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर विधिवत पूजन किया गया। उन्हें फूलमालाओं से सजाकर आरती उतारी गई, भोग लगाया गया तथा दक्षिणा प्रदान की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नारी शक्ति के सम्मान का संदेश भी दिया। हवन यज्ञ के दौरान वेद मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

अपने प्रवचन में स्वामी कपिलपुरी महाराज ने कहा कि अष्टमी का पर्व शक्ति साधना और नारी सम्मान का प्रतीक है।

वहीं, माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी के सानिध्य में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना श्रद्धापूर्वक की गई। भक्तों ने मंत्रोच्चारण, दुर्गा स्तुति पाठ और भजन-कीर्तन के माध्यम से मां की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित अशोक शर्मा द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

### मां महागौरी की पूजा से कष्टों का होता है नाश

साध्वी मानेश्वरी देवी ने प्रवचन में बताया कि मां महागौरी की पूजा से कष्टों का नाश होता है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। उन्होंने पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव ने मां पार्वती को महागौरी रूप में स्वीकार किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। आगामी राम नवमी पर मंदिर में हवन, कन्या पूजन, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। पूरे आयोजन ने धार्मिक एकता और सनातन परंपराओं की जीवंतता को पुन प्रदर्शित किया।

## रामा आश्रम में नवरात्रों पर भव्य जागरण भजन गायकों ने भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

श्रीनगर कॉलोनी स्थित रामा आश्रम में नवरात्रों के पावन अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के माहौल में आयोजित किया गया। 25 मार्च 2026 की रात्रि 10 बजे से विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें 101 ज्योत प्रज्ज्वलित की गईं। इस दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन सुभाष अनुराग ने किया। 26 मार्च को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक दुर्गाष्टमी हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति डाली। इसके पश्चात दोपहर 1 से 3 बजे तक भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायक भारत सहगल व संजय शर्मा ने भक्ति रस से सराबोर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सुरेश मुंजाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



गद्दीनशीन महंत अशोक दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को नवरात्रों का महत्व बताया, जबकि महंत रामानुज दास महाराज ने सभी का आभार जताया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

## श्रीबालाजी धाम डोभ में हुआ जागरण और भक्त महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

**33वें आयोजन में पद यात्राएं, 101 किलो लड्डू, भंडारा व स्वास्थ्य शिविर होंगे आकर्षण**

श्रीबालाजी धाम डोभ में हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 2 अप्रैल वीरवार को आयोजित 33वें भव्य एवं दिव्य जागरण, भंडारा और भक्त महाकुंभ मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। श्री बालाजी सेवा मंडल के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि इस अवसर पर अनेक संत-महात्माओं व गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दिन प्रातः शहर व आसपास के गांवों से भव्य पद यात्राएं निकाली जाएंगी, जो धाम पर आकर संपन्न होंगी। जागरण में 101 किलो देशी घी का लड्डू, छप्पन भोग, पंच मेवा, फूलों व गुब्बारों से सजा भव्य दरबार विशेष आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही 108 बार हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। आयोजन के दौरान निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार श्रीबालाजी महाराज का गुणगान करेंगे।

## शिक्षा भारती विद्यालय में मनाई दुर्गा अष्टमी

- दुर्गा मां के नौ स्वरूपों के बारे में दी जानकारी, पर्व के धार्मिक महत्व को भी समझाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय जेपी कॉलोनी में दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 51 छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही दुर्गा मां के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर की गई थी।

दुर्गा अष्टमी के दिन विद्यालय की प्राचार्या आशु साहनी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां को भोग लगाया। इसके बाद कन्याओं को हलवा, पूरी व छोले का प्रसाद वितरित किया गया तथा उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। आचार्या पूनम रानी ने छात्र-छात्राओं को दुर्गा मां के नौ स्वरूपों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इस पर्व के धार्मिक महत्व को समझाया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश सेतिया, प्रबंधक पुष्पदीप डागर, कोषाध्यक्ष अंकुश जसपाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने एक-दूसरे को दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं दीं। अंत में कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ के साथ किया गया।



## पुरिधाम में नवरात्र महोत्सवः अष्टमी पर हवन, कंजक पूजन व लगाई भव्य चौकी



हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

- प्रात : 9 बजे हवन शुरू हुआ 11:50 बजे पूर्णाहुति के बाद 251 कन्याओं का किया पूजन

सद्गुरुदेव स्वामी बालकपुरी महाराज की कृपा से पुरिधाम में चैत्र नवरात्र महोत्सव श्रद्धा व वैदिक विधि से मनाया जा रहा है। पीठाधीश्वर स्वामी कर्णपुरी जी महाराज के सानिध्य में 18 मार्च से प्रतिदिन संगीतमय आरती व भजन संध्या आयोजित हो रही है। अष्टमी को प्रातः 9 बजे हवन शुरू और 11:50 बजे पूर्णाहुति के बाद 251 कन्याओं का पूजन किया गया।

## जस्टिस अय्यर स्टूडेंट्स क्लब शुरू

- एमडीयू के विधि विभाग में क्लब की प्रथम उद्घाटन बैठक का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के विधि विभाग में जस्टिस वी.आर. कृष्णा अय्यर स्टूडेंट्स क्लब की प्रथम उद्घाटन बैठक का आयोजन किया गया। विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय व उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन छात्र समन्वयक प्रियंका और आशु ने किया। क्लब की फैकल्टी समन्वयक डॉ. अंजलि वर्मा ने विद्यार्थियों को क्लब की संरचना, उद्देश्य और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह क्लब विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता बढ़ाने, शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने तथा बौद्धिक विकास के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा।



रोहतक। एमडीयू के विधि विभाग में जस्टिस वी.आर. कृष्णा अय्यर स्टूडेंट्स क्लब में मौजूद प्रोफेसर व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्पर्धाएं, सेमिनार व कार्यशालाएं होंगी

उन्होंने बताया कि इस क्लब के माध्यम से शोध आधारित गतिविधियां, विधिक जागरूकता अभियान, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थियों को मूट कोर्ट, विधिक ड्राफ्टिंग और शोध जैसे व्यावहारिक कौशल विकसित करने के अवसर मिलेंगे तथा इंटर्नशिप और विधि क्षेत्र में करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।




रोहतक। भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते निदेशक डॉ. प्रदीप अहलावत व प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र राठी। फोटो : हरिभूमि

## वीटा मिल्क प्लांट में डेयरी उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से रूबरू हुए विद्यार्थी

रोहतक। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च के 37 विद्यार्थियों ने हाल ही में वीटा मिल्क प्लांट का औद्योगिक दौरा किया। निदेशक डॉ. प्रदीप अहलावत ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र राठी और डॉ. नीतू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्लांट में दूध की खरीद, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियों की जानकारी हासिल की। साथ ही उन्होंने बटर निर्माण प्रक्रिया और आधुनिक डेयरी उत्पादन तकनीकों को नजदीक से देखा। प्लांट अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर संचालन दक्षता व स्वच्छता मानकों के बारे में विस्तार से बताया। पूरे दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सौरभ कांत ने इस शैक्षणिक भ्रमण का समन्वय किया, जबकि छात्र समन्वयक जतिन, निक्की और वंशिका ने आयोजन सहयोग दिया।

## प्रो. ध्रुव चौधरी ने विजिट की गर्ल्स लाइब्रेरी

- लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में गांव भापड़ौदा में स्थापित गर्ल्स लाइब्रेरी का पं भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. ध्रुव चौधरी ने दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक एवं संचार कौशल विशेषज्ञ सुनित मुखर्जी तथा जनसंपर्क अधिकारी पंकज नैन भी मौजूद रहे। उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों, अध्ययन व्यवस्था और छात्राओं की प्रगति का अवलोकन किया।



रोहतक। लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्राओं से संवाद करते पीजीआई के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. ध्रुव चौधरी।

### जीवन की दशा और दिशा बदल सकती है शिक्षा

वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ प्रो. ध्रुव चौधरी ने लाइब्रेरी में अध्ययनरत छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बेटियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में भी बताया। प्रतिष्ठित संचार कौशल विशेषज्ञ सुनित मुखर्जी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की लाइब्रेरियां सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव बन सकती हैं। ऐसे प्रयासों से बेटियों को न केवल बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलता है, बल्कि वे बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस भी जुटा पाती हैं। समाजसेवी एवं शिक्षक राजरूप राठी ने अतिथियों को लाइब्रेरी की स्थापना की प्रेरक कहानी बताते हुए कहा कि ग्रामीण बेटियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि यहां नियमित रूप से मार्गदर्शन सत्र, अध्ययन सामग्री और शांत वातावरण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। इस अवसर पर जगमाल राठी, रामबीर राठी, विकास राठी, पंडित धर्मवीर उपस्थित रहे।

## डॉ. अरुप गिरि बने अंतरराष्ट्रीय जर्नल टॉक्सिन रिव्यूज के अनुभाग संपादक

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

**बाबा मस्तनाथ विवि के आईक्यूएसी) के निदेशक हैं डॉ. गिरि**



डॉ. अरुप गिरी

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक डॉ. अरुप गिरी को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिका "टॉक्सिन रिव्यूज़" का अनुभाग संपादक नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित जर्नल विश्वप्रसिद्ध अकादमिक प्रकाशन संस्था टेलर एंड फ्रांसिस द्वारा प्रकाशित किया जाता है। टॉक्सिन रिव्यूज़ एक उच्च स्तरीय, सहकर्मी-समीक्षित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका है, जो स्कोपस और वेब ऑफ साइंस जैसी प्रमुख डेटाबेस में सूचीबद्ध है। पत्रिका का प्रभाव गुणांक 2.4 तथा साइट स्कोर 8.9 है। यह विष विज्ञान, पर्यावरण प्रदूषण, विषाक्तता के जैवरासायनिक तंत्र और जनस्वास्थ्य से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर शोध लेख प्रकाशित करने के लिए जानी जाती है। अनुभाग संपादक के रूप में डॉ. गिरी पत्रिका की सहकर्मी समीक्षा प्रक्रिया का मार्गदर्शन करेंगे और उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों के प्रकाशन को सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, वे अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**समस्या** सुबह साढ़े 6 बजे से 9 बजे तक लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

# कंजक पूजन के दिन रसोई ठंडीः ब्लॉक रेग्यूलेटर में फाल्ट से सेक्टर-2 में पीएनजी सप्लाई ढाई घंटे ठप

- लोग बोले- हर बार तकनीकी फाल्ट की आड़ लेकर नहीं किया जा रहा स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

सेक्टर-2 क्षेत्र में वीरवार सुबह पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) सप्लाई बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब साढ़े छह बजे से लेकर नौ बजे तक गैस की आपूर्ति पूरी तरह ठप रही, जिससे घरों की रसोई ठंडी पड़ गई। खास बात यह रही कि यह समस्या ऐसे दिन सामने आई जब कई घरों में कंजकों के लिए भोजन तैयार किया जाना था, जिससे लोगों की दिक्कतें कई गुना बढ़ गईं।

### आ सकती है दिक्कत

पीएनजी सप्लाई कर रही कंपनी बीपीसीएल के इंजीनियर प्रदीप कुमार ने बताया कि पाइपलाइन के ब्लॉक रेग्यूलेटर में तकनीकी फाल्ट आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। ब्लॉक रेग्यूलेटर सिस्टम का एक अहम हिस्सा होता है। इसमें कभी-कभी खराबी आ सकती है।

-प्रदीप कुमार, प्रोजेक्ट इंजिनियर बीपीसीएल रोहतक

### अचानक बंद हुई गैस



केएस यादव (मकान नंबर 1649) ने बताया कि सुबह जैसे ही रसोई का काम शुरू किया, गैस अचानक बंद हो गई। कंजकों के लिए हलवा-पूरी बनानी थी, लेकिन गैस न होने से पूरा कार्यक्रम ही गड़बड़ा गया। मजबूरन हमें बाहर से इंतजाम करना पड़ा," उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा।

### कामकाज अस्त-व्यस्त



इसी प्रकार मकान नंबर 1614 में रहने सुभाष चौहान ने भी अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि गैस सप्लाई बंद होने से घरेलू कामकाज पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। "हर बार यही कहा जाता है कि तकनीकी फाल्ट है, लेकिन इसका स्थायी समाधान क्यों नहीं निकाला जाता? आम लोगों को ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

### बैकअप सिस्टम हो



मकान नंबर 1650 में रहने वाले राजीव खतरी ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह की समस्या आई हो, अक्सर तकनीकी खराबी के नाम पर सप्लाई बंद हो जाती है। सुबह का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है और उसी वक्त गैस न आए तो पूरा दिन प्रभावित हो जाता है। खतरी ने मांग की कि कंपनी को बैकअप सिस्टम तैयार रखना चाहिए। ताकि लोगों को बार-बार परेशानी न झेलनी पड़े।

## डंपर को ट्रैक्टर से जोड़कर ले गया चोर, कैमरे में कैद

सांपला। हसनगढ़ गांव में एक किसान का डंपर चोरी हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हसनगढ़ निवासी किसान रणबीर सिंह ने थाना सांपला में दी शिकायत में बताया कि 22 मार्च की रात करीब 8 बजे के बाद अज्ञात व्यक्ति उसका सिंगल जोड़े वाला डंपर चोरी कर ले गया। घटना का पता चलने पर किसान ने अपने स्तर पर डंपर की काफी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक सोनालीका ट्रैक्टर डंपर को जोड़कर ले जाता हुआ नजर आया। फुटेज मिलने के बाद पीड़ित ने तुरंत डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को अवगत कराया।

## खबर संक्षेप

### आज होगी परिवेदना समिति की बैठक

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 27 मार्च को प्रातः: 11 बजे स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। इसमें 16 एजेंडे हैं।

### 10 किलो 40 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**महम।** थाना बहु अकबरपुर क्षेत्र के गांव मोखरा में पुलिस ने एक युवक को 10 किलोग्राम 40 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। एएनसी स्टाफ रोहतक के एएसआई अनिल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामबीर उर्फ बिल्लू पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोखरा खेड़ी नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। फिलहाल वह न्यू परमार खाद बीज भंडार के पास खड़ा है। उसके पास पिट्ठू बैग था। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बैग की जांच की गई थी।

### एक्टिवा सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**महम।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक के डेयरी मोहल्ला निवासी सतीश पुत्र चत्तर सिंह ने बताया कि उसका भाई राकेश काले रंग की एक्टिवा से बहन के पास बोंद गांव जा रहा था। भिवानी रोड पर पहुंचने से पहले ही डोभ गांव के पास अज्ञात वाहन ने एक्टिवा में टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसके भाई को पीजीआई ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान राकेश की मौत हो गई।

### 27 को एमडीयू में संयुक्त सम्मान समारोह

रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों एवं शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान और संस्थागत विकास में उनकी भूमिका को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की ओर से उन सभी कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए है, जिन्हें हाल ही में विभागीय पदोन्नति समिति तथा करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति प्राप्त हुई है। समारोह 27 मार्च को प्रातः 11:30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट हॉल में आयोजित होगा। कुलपति पदोन्नत शिक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे।

# आज सुपवा आएंगे देश के प्रसिद्ध नाटककार और रंगकर्मी

■ वर्ल्ड थिएटर डे पर नाट्य संवाद व परिचर्चा में करेंगे छात्रों का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश के प्रसिद्ध नाटककार व रंगकर्मी आज दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में पहुंचेंगे। वे वर्ल्ड थिएटर डे पर होने वाले नाट्य संवाद व परिचर्चा में शिरकत कर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। 'वर्तमान संदर्भ में रंगमंच डिजिटल मीडिया और तकनीक का प्रभाव' विषय पर होने वाली परिचर्चा फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के स्टूडियो-1 में कराई जाएगी। फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के एफसी महेश टीपी ने बताया कि सुपवा पहुंचने वालों में पद्मश्री प्रो वामन माधवराव केंद्रे, प्रसिद्ध नाटककार व लेखक डॉ प्रताप सहगल, प्रसिद्ध रंगकर्मी व नाट्य प्रशिक्षक डॉ मृत्युंजय प्रभाकर शामिल हैं।

### पद्मश्री वामन केंद्रे एनएसडी के निदेशक भी रह चुके



प्रो. वामन माधवराव

पद्मश्री वामन केंद्रे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), दिल्ली के निदेशक भी रह चुके हैं। इन्होंने अपने श्रेष्ठ प्रशिक्षण के दम पर अभिनेताओं, निर्देशकों, रंगमंच लेखकों (नाटककारों) और रचनाकारों की एक पूरी पीढ़ी को जन्म दिया है, जो क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर रंगमंच पर अपनी छाप छोड़ने में जुटी है। इन्हें अखिल भारतीय मराठी नाट्य परिषद द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, बोस्टन, हॉस्टन और फिलाडेल्फिया में कार्यशालाओं का आयोजन करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। पद्मश्री वामन केंद्रे को रंगमंच के माध्यम से एक मजबूत मंच का निर्माण करने और इसके माध्यम से समाज के उपेक्षित और हाशिए पर पड़े वर्गों (लोगों) के दर्द को संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करने के लिए देश-दुनिया में जाना जाता है।

### डॉ. प्रताप की प्रारंभिक शिक्षा रोहतक मिडिल व उच्च शिक्षा दिल्ली में हुई



डॉ प्रताप सहगल

एफसी महेश टीपी ने बताया कि डॉ प्रताप सहगल को कवि, नाटककार, कथाकार व आलोचक के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1945 में पश्चिमी पंजाब के झंग प्रदेश में (अब पाकिस्तान में) इनका जन्म हुआ। प्रारंभिक शिक्षा रोहतक और मिडिल व उच्च शिक्षा दिल्ली में हुई। 1970 में दिल्ली कॉलेज, जिसे अब जाकिर हुसैन कॉलेज के नाम से जाना जाता है, में एक प्रवक्ता के तौर पर सफर शुरू हुआ। करीब 40 वर्षों तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के अध्यापन के साथ-साथ शोध-कार्य निर्देशित किया। साल 2010 में जाकिर हुसैन स्नातकोत्तर सांध्य महाविद्यालय से एसोसिएट प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए। इन्हें मिल चुके सैकड़ों पुरस्कार व सम्मान इस बात के गवाह हैं कि डॉ सहगल ने अपना जीवन कवि, नाटककार, कथाकार व आलोचक के रूप में पूरी तरह समर्पित कर दिया। इनके लिखे अनगिनत नाटक देशभर में मंचित होते रहते हैं।

### डॉ. मृत्युंजय 50 से अधिक नाटक और पुस्तकें लिख चुके: एफसी महेश टीपी



डॉ मृत्युंजय प्रभाकर

एफसी महेश टीपी ने बताया कि डॉ मृत्युंजय प्रभाकर प्रसिद्ध रंगकर्मी व नाट्य प्रशिक्षक होने के साथ ही डॉ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली के नाट्य विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्होंने 50 से अधिक नाटक व पुस्तकें लिखी हैं। उनके लिखे नाटकों का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मंचन होता रहता है। कई नाटकों का वे निर्देशन भी कर चुके हैं। वे थिएटर ग्रुप 'शहर' के फाउंडर-डायरेक्टर भी हैं। महेश टीपी बताते हैं कि वर्ष 1961 में वर्ल्ड थिएटर डे को दुनिया भर में मनाने व इसके महत्व बताने के लिए इंटरनेशनल थिएटर इंस्टिट्यूट की शुरुआत हुई। जबकि, 1962 से हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाना शुरू किया गया।

## आज तक नए भवन की जगह नहीं तलाश पाया विभाग

# आधा किलोमीटर के दायरे में छह जगह चल रहा नगर निगम ऑफिस

- कभी एग्रो मॉल तो कभी पुराना सेशन कोर्ट में बिल्डिंग बनाने का दावा
- कई आयुक्त आए और चले गए, नहीं हो पाया नई बिल्डिंग का निर्णय
- लोगों के नहीं हो पा रहे कार्य, दोपहर बाद कम मिलते हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में नगर निगम की कार्यप्रणाली इन दिनों अव्यवस्था का शिकार होती नजर आ रही है। हालत यह है कि आधा किलोमीटर के दायरे में निगम के कार्यालय एक या दो नहीं, बल्कि छह अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। इसके चलते आम नागरिकों को अपने काम करवाने के लिए दिनभर इधर-उधर भटकना पड़ता है और कई बार तो एक ही काम के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। नगर निगम क अम्बेडकर चौक स्थित मुख्य कार्यालय है। इसके अलावा बाल भवन लाइब्रेरी, सांस्कृतिक आयोजन की जगह रंगशाला में इंजीनियरिंग ब्रांच, साथ मे एलओ ऑफिस, सीएसआई ऑफिस और सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर के कार्यालय चल रहे हैं। इसके कारण न केवल आम जनता परेशान है, बल्कि निगम के कामकाज की गति भी प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी साफ तौर पर देखी जा सकती है। ऐसे हालात इस वजह से हैं नगर निगम अपने लिए नये कार्यालय की जगह नहीं तलाश पाया।

### मुसीबत : उपभोक्ता काट रहे चक्कर





बाल भवन लाइब्रेरी





नगर निगम का मुख्य कार्यालय



रंगशाला में इंजीनियरिंग ब्रांच



एलओ ऑफिस, सीएसआई ऑफिस

#### नए भवन की जरूरत

शहरवासियों का कहना है कि जब तक नगर निगम का एक केंद्रीकृत कार्यालय नहीं बनता, तब तक ऐसी समस्याएं बनी रहेंगी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द एक स्थान पर सभी विभागों को समाहित करते हुए आधुनिक निगम भवन का निर्माण किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और निगम की कार्यक्षमता में सुधार हो।

#### दावे फेल: समस्या जस की तस

कई अफसर आए लेकिन ठोस कदम नहीं उठा पाए। पिछले कुछ वर्षों में कई आयुक्त आए और अपने-अपने स्तर पर प्रयास भी किए परंतु नई बिल्डिंग के निर्माण को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। अधिकारी कई बार कहते रहे कि एग्रो मॉल में ऑफिस बन रहा है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ। नतीजतन, समस्या जस की तस बनी हुई है और हर नया अधिकारी इसे विरासत में पा रहा है।

#### कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे

कार्यालयों के बिखरे होने का असर कर्मचारियों की उपलब्धता पर भी पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब भी दोपहर बाद रंगशाला, एडीसी कार्यालय और पुराना एडीसी कार्यालय स्थित निगम कार्यालय में जाते हैं तो अधिकारी न के बराबर मिलते हैं। जिससे लोगों को बिना काम कराए ही लौटना पड़ता है। इससे निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

#### एक स्थायी और एकीकृत भवन तय नहीं

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर निगम आज तक अपने लिए एक स्थायी और एकीकृत भवन तक तय नहीं कर पाया है। कभी एग्रो मॉल में निगम भवन बनाने की बात कही जाती है तो कभी पुराने सेशन कोर्ट परिसर को इसके लिए उपयुक्त बताया जाता है। लेकिन ये दावे सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गए हैं।

### व्हाट्सएप टास्क के नाम पर 3.56 लाख की ठगी, गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



रोहतक। व्हाट्सएप पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर 3 लाख 56 हजार रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ रही है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक बाबूराम ने बताया कि मॉडल टाउन निवासी शिया की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 25 नवंबर 2025 को शिया के मोबाइल पर अज्ञात व्हाट्सएप नंबर से मैसेज आया, जिसमें खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए प्रोडक्ट रिव्यू के बदले पैसे कमाने का ऑफर दिया गया। पहले चरण में शिया से 1000 का टास्क करवाया गया, बदले 1300 लौटाए गए। इसके बाद 4000 के टास्क पर 5200 दिए गए। आरोपियों ने बाद में उसे न्यू एलीट मेंबरशिप का लालच देकर बड़ी रकम निवेश करने को कहा। शिया ने कुल 3 लाख 56 हजार आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद न तो पैसे वापस मिले और न ही जवाब मिला। मामले की जांच एसआई प्रदीप की टीम ने की। तकनीकी जांच के आधार पर 25 मार्च को आरोपी सुरज पुत्र आनंद निवासी नांगल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही ठगी की राशि की बरामदगी के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

#### सीसर खास में रात साढ़े 11 बजे की घटना

## कार से उतारकर तीन लोगों के साथ मारपीट

■ पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम थाना क्षेत्र के गांव सीसर खास में रात साढ़े 11 बजे कुछ लोग बडेसरा से सीसर खास गांव की ओर रहे थे। जब वे गांव के बस स्टैंड के पास पहुंचे, तो गांव के कुछ लोगों ने उनकी कार रुकवाकर उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने इस संबंध में 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

महम थाने में दी शिकायत में सीसर खास गांव निवासी बिजेंद्र पुत्र प्रेम सिंह ने बताया कि वह, उसका भाई जोगिंद्र और छिछड़ाना गांव निवासी उसका मामा सुधीर रात को साढ़े 11 बजे बडेसरा से अपने गांव सीसर खास आ रहे थे। बिजेंद्र ने बताया कि वह गाड़ी चला रहा था। जब उनकी कार गांव के शराब ठेके से आगे निकले, तो वहां पर संदीप पुत्र जयपाल, दीपक पुत्र श्री भगवान, चिंटू पुत्र राजबीर, अमन पुत्र तेलू, अमरजीत पुत्र वजीर, भारत व अन्य तीन चार व्यक्ति लाठी डंडों से लैस होकर आए। उनकी गाड़ी रुकवाकर उन तीनों के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। इन सभी ने उन तीनों को लाठी डंडों से बहुत ज्यादा गहरी चोटें मारी। घायल अवस्था में उनको उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उनको रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया। इन्होंने बेवजह उनके साथ मारपीट की है और जान से मारने की धमकी दी है। फिलहाल उनका रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा है। हमलावरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### रोहित धनखड़ परिवार को 52 हजार की सहायता

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के बाद उनके परिवार को सहारा देने के लिए सामाजिक संगठनों ने कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत का एक प्रतिनिधिमंडल गांव हुमायूंपुर पहुंचा और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की। महासभा के उप प्रधान गजेंद्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को 52 हजार की मदद सौंपी। इस दौरान गांव के पूर्व सरपंच संदीप धनखड़ मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार के साथ बैठक कर हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। लोकहित संस्था के प्रधान एडवोकेट चंचल नांदल ने अन्य संगठनों से भी मदद की अपील की। जिस तरह राष्ट्रीय जाट महासभा ने पहल की है, उसी प्रकार सभी सामाजिक संगठनों को सहायता के लिए आगे आना चाहिए। धनखड़ खाप से महापंचायत बुलाकर व्यापक स्तर पर सहयोग जुटाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय जाट महासभा हरियाणा के प्रधान रामकिशन पलड़िया ने बताया कि संगठन ने रोहित धनखड़ की छमाही पर आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी, जिसे आज पूरा कर दिया गया है। उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा का भी आभार जताया। इस मौके पर युवा प्रधान मोहित मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र खत्री, प्रवक्ता संदीप पावड़िया और तन्मय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### चोरी की वारदात में महिला गिरफ्तार

रोहतक। अर्बन एस्टेट क्षेत्र में मकान में चोरी की वारदात में शामिल आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। सेक्टर-3 निवासी धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गया कि कुछ दिन पहले बाहर गया हुआ था। 3 मार्च को लौटने पर देखा कि मकान का ताला टूटा था व ज्वैलरी व नकदी गायब थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने अहम सुराग जुटाए। जांच अधिकारी पीएसआई सीमन्त की टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 मार्च को आरोपी महिला सरिता पत्नी ओमप्रकाश निवासी भिवानी रोड, रोहतक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शामिल दो युवक और दो नाबालिगों को पहले ही काबू किया जा चुका है। अब गिरफ्तार महिला आरोपी से पूछताछ कर चोरी के अन्य मामलों और वारदात में उसकी भूमिका को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

### लाखन माजरा बस अड्डे पर युवक के साथ की मारपीट

मामले को लेकर सात नामजद, करीब 14 के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

बस स्टैंड लाखन माजरा पर खड़े एक युवक पर दरात व लाठी डंडों से हमला करके उसे बुरी तरह घायल कर दिया गया। युवक को उपचार के लिए लाखन माजरा सीएचसी में दाखिल करवाया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सको ने उसको रोहतक के सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में 7 युवकों को नामजद किया गया है और 7 व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। लाखन माजरा पुलिस को दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी राहुल पुत्र संजय ने बताया कि गत दिवस वह लाखन माजरा बस स्टैंड पर खड़ा था। इस दौरान किसी बात को लेकर उसका उसी के गांव के सुमित पुत्र नरेंद्र के साथ झगड़ा हो गया।

#### दरात से हमला किया

सुमित ने अपने साथी अमन उर्फ बोनट, आशीष, सन्नी, अजय, सचिन व अजय गांव चिड़ी और उसके पांच-सात अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। जब वह घर जा रहा था तो उन्होंने उसको गली में रोक लिया। सुमित ने उस पर दरात से हमला किया। उसके साथ आए अमन उर्फ बोनट ने उस पर लकड़ी के बिट्टे और लोहे की गंडासी से उसके सिर व पैरों पर वार किए। उनके अन्य साथी डंडों से उसको मार रहे थे। इन्होंने उसको और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने 7 हमलावरों को नामजद किया, जबकि अन्य पांच सात की पहचान को जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सुमित, अमन, आशीष, अजय, सचिन, सन्नी और अजय व अन्य पर केस दर्ज किया है।

## पुलिस पर आरोप लगाने और थाने के सामने धरना देने पर युवक गिरफ्तार

■ कानून व्यवस्था बिगाड़ने और झूठे आरोप लगाने का मामला दर्ज

■ लोगों को प्रलोभन देकर किया था इकट्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

थाना आर्य नगर के सामने धरना देने और सोशल मीडिया पर पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के मामले में पुलिस ने युवक सतीश प्रजापति व उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी थाना आर्य नगर पीएसआई बिजेन्दर के अनुसार, सतीश निवासी बाबरा मोहल्ला ने 22 व 23 मार्च को सोशल मीडिया पर इंटरव्यू देकर पुलिस कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उसने दावा किया था कि उसके पास इसके पुख्ता सबूत हैं। इस पर पुलिस ने उसे नोटिस देकर 25 मार्च को थाने में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा, लेकिन वह निर्धारित समय पर पेश नहीं हुआ।

#### पैसों व अन्य प्रलोभन देकर महिलाओं को बुलाया

पुलिस के अनुसार, उसी दिन शाम करीब 4 बजे सतीश कुछ महिलाओं और युवकों के साथ थाना आर्य नगर पहुंचा और धरने पर बैठ गया। पूछताछ में सामने आया कि धरने में शामिल कई लोगों को मामले की पूरी जानकारी नहीं थी और उन्हें कथित रूप से पैसों व अन्य प्रलोभन देकर बुलाया गया था।

#### ठोस सबूत पेश नहीं किया

पुलिस का कहना है कि सतीश द्वारा कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया और उसके इस कदम से कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस पर पुलिस ने सतीश के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

#### बदलते मौसम को देखते हुए किसानों के लिए विशेष सलाह

## एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में बृहस्पतिवार दोपहर बाद मौसम में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अचानक बदलाव आया। मौसम विभाग के अनुसार इस सिस्टम का असर अगले 2 से 3 दिन तक यानी शनिवार तक बना रह सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर क्षेत्र से आने वाली ठंडी हवाओं का समूह होता है, जो उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित करता है। इसके सक्रिय होने से तापमान में गिरावट, बादल छाना और हल्की से मध्यम बारिश आम बात है। हरियाणा में भी इसी के चलते दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि रातें अपेक्षाकृत ठंडी बनी रह सकती हैं।



#### कृषि विभाग की सलाह

##### आने वाले 48 से 72 घंटे फसलों के लिहाज से अहम

कृषि विभाग ने कहा है कि फसलों में इस दौरान किसी भी प्रकार का छिड़काव या उर्वरक डालने से बचें, क्योंकि बारिश के कारण इसका असर कम हो जाएगा और आर्थिक नुकसान हो सकता है। वहीं सब्जी उत्पादक किसानों को खेतों में जलभराव से बचाव के लिए उचित निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। पश्चिमी विक्षोभ ने मौसम में ठंडक घोल दी है, लेकिन किसानों के लिए यह सतर्क रहने का समय है। आने वाले 48 से 72 घंटे फसलों के लिहाज से अहम माने जा रहे हैं, ऐसे में सावधानी और सही प्रबंधन ही नुकसान को कम कर सकता है।

#### पशुपालकों को भी हिदायत

बदलते मौसम को देखते हुए किसानों के लिए विशेष सलाह जारी की है। सरसों और गेहूं की फसल इस समय पकाव की अवस्था में है, ऐसे में तेज हवा या बारिश नुकसान पहुंचा सकती है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी तैयार फसल की कटाई फिलहाल टाल दें और मौसम साफ होने का इंतजार करें। कटाई के बाद फसल को खुले में न छोड़ें, बल्कि सुरक्षित स्थान पर रखें ताकि नमी से बचाव हो सके। इसके अलावा जिन किसानों ने पहले ही फसल काट ली है, उन्हें अनाज को तिरपाल या ढककर रखने की सलाह दी गई है। मंडियों में फसल लेकर जाने से पहले मौसम की जानकारी जरूर लें, ताकि बारिश के दौरान नुकसान से बचा जा सके। पशुपालकों को भी हिदायत दी गई है कि वे अपने पशुओं को खुले में न बांधें और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें।